Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006

Participants : Singh Ch. Lal

>

Title: Regarding missing of Jammu & Kashmir from the official map of United Nations.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर) : अध्यक्ष महोदय, आपकी मेहरबानी से मुझे जो समय मिला है, इसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि पिछले दिनों हमारे एक माननीय सदस्य ने आपको रिक्वैस्ट की थी, लेकिन उस पर कोई गौर नहीं हुआ। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि यूएन ने जो ऑफिशियल मैप जम्मू कश्मीर का दिया है, पहले ही हम बड़े दुखी होते हैं जब यहां कोई बिल पास होता है और उसमें लिखा जाता है जम्मू-कश्मीर को छोड़कर।

MR. SPEAKER: Your matter is regarding burning of Tosha Khana and UN Aid in Jammu and Kashmir.

चौधरी लाल सिंह : मैंने दो मामले दिये हैं। मैं यूएन द्वारा जारी मैप वाले मामले पर बोल रहा हूं।

अध्यक्ष महोदय : मैप वाले मामले पर जल्दी बोलिये।

चौधरी लाल सिंह : मेरे कहने का मकसद है कि हमारी इंटीग्रिटी, सोवरेनिटी को जिस तरह से दिखाया गया है, हमें बड़ा दुख हुआ कि जम्मू कश्मीर को भारत के नक्शे से बाहर रखा है। हम कहते हैं कि जम्मू-कश्मीर हिन्दुस्तान का अटूट अंग है लेकिन जब यूएन के ऑफिशियल मैप में इसे नहीं दिखलाया गया तो हमें बड़ा दुखा हुआ कि हमें इन्होंने हिन्दुस्तान के नक्शे से बाहर निकालकर रखा है। मेरा सबमिशन है कि भारत सरकार को उनके खिलाफ सीरियस नोट लेना चाहिए जिन्होंने ऐसी हरकत की है। … (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: As I said earlier, your matter is regarding burning of Tosha Khana. You should not get into the map.

चौधरी लाल सिंह : मैंने दो मामले दिये हैं। मैं एक पर बोल रहा हूं। अगर आप चाहते हैं तो पहले वाले पर बोल देता हूं। मैंने दो नोटिस दिये थे - एक तोशाखाना पर दिया था और एक यूएन पर दिया था।

अध्यक्ष महोदय : दोनों तो परमिटेड नहीं हैं।

CHAUDHARY LAL SINGH : I am speaking on only one issue.

MR. SPEAKER: Do not misuse the opportunity.

CHAUDHARY LAL SINGH : I am not misusing it. I am using my opportunity.

हम भारत सरकार से निवेदन करते हैं कि यह पता करें कि किसने ऐसा किया। पिछले दिनों एड्ज़ पर जो दुनिया भर में फंक्शन किये, उसमें नक्शे में हमारे जम्मू कश्मीर को हिन्दुस्तान से अलग करके दिखाया गया। हमें इस बात का दुख है।

अध्यक्ष महोदय : आपने क्या नोटिस दिया है और क्या बोल रहे हैं?

चौधरी लाल सिंह : मैंने सही बात कही है।

MR. SPEAKER: You come and meet me in my Chamber.